| |
|---|
| **दिनांक 03.09.2023** |
| **प्रेस विज्ञप्ति 03/2023** |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**<u>जनपद जौनपुर/थाना रामपुर</u>**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 02/03.09.2023 की रात्रि थाना रामपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर धनुहा तिराहा पर मोटर साइकिल सवार बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त दीपक घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी की 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना रामपुर पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद जौनपुर, कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानों पर चोरी, हत्या का प्रयास, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के लगभग एक दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना रामपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–दीपक निवासी मई थाना रामपुर जनपद जौनपुर।

**बरामदगी**

1—चोरी की 01 मोटर साइकिल।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद मथुरा/थाना जैत**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर)**
- **01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 02.09.2023 को थाना जैत व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सौ फुटा रोड पर चेकिंग के दौरान पुलिस कार्यवाही में अभियुक्त गोविन्द उर्फ बकडी घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर), 01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना जैत पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना जैत पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—गोविन्द उर्फ बकडी निवासी चौमुहॉ थाना जैत जनपद मथुरा।

**बरामदगी**

1—01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर)।

2—01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद कासगंज/थाना सोरों

- **पुलिस कार्यवाही में 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 02/03.09.2023 की रात्रि थाना सोरों पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर लहरा रोड तिराहा पर मोटर साइकिल सवार बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त शमशाद उर्फ बाबा घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 550/–रूपये नगद, 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना सोरों पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना सोरो पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्त

1–शमशाद उर्फ बाबा निवासी ग्राम कम्पुर थाना सोरों जनपद कासगंज।

### बरामदगी

1–550/–रूपये नगद।

2–01 मोटर साइकिल।

3–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना सेक्टर–142

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 03.09.2023 को थाना सेक्टर–142 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नोएडा–ग्रेटर नोएडा हाईवे पर अडवान्ट टॉवर के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त अनुज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना सेक्टर–142 पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु कमिश्नरेट स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के थाना सेक्टर–142 पर लूट, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना सेक्टर–142 पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अनुज निवासी ग्राम जटवाडा थाना कोतवाली नगर, गाजियाबाद हालपता–सजवान नगर थाना विजयनगर, गाजियाबाद।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

## जनपद खीरी/थाना गोला

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **03 किलो 82 ग्राम अवैध गांजा बरामद**

दिनॉकः 03.09.2023 को थाना गोला पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कुटवारा जंगल मोड़ से पुरस्कार घोषित अभियुक्त छोटे को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 03 किलो 82 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ।

उल्लेखनीय है कि  गिरफ्तार अभियुक्त थाना नीमगांव जनपद खीरी पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद खीरी के विभिन्न थानों पर चोरी, सीएस एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट के 08 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना गोला पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–छोटे निवासी ग्राम महमदपुर थाना मोहम्मदी जनपद खीरी।

**बरामदगी**

1–03 किलो 82 ग्राम अवैध गांजा।

## जनपद शामली / ए0एन0टी0एफ0 यूनिट मेरठ / थाना झिझाना

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 67 लाख 50 हजार रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत)के 04 किलो 16 ग्राम अवैध चरस, 183 किलो 690 ग्राम अवैध डोडा पोस्त**
- **10 हजार 540 रूपये नगद**
- **05 मोबाइल फोन**
- **इलैक्ट्रानिक तोल कॉटा**
- **आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि बरामद**

दिनॉक:02.09.2023 की रात्रि ए0एन0टी0एफ0 यूनिट मेरठ व थाना झिझाना जनपद शामली की संयुक्त टीम द्वारा एचपी राणा पंजाबी ढाबा से 04 अभियुक्तों 1–प्रवीण कुमार 2–विकास कुमार 3–युगराज 4–गौरव कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे / निशादेही से लगभग 67 लाख 50 हजार रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 04 किलो  16 ग्राम अवैध  चरस, 183 किलो 690 ग्राम अवैध डोडा पोस्त, 10 हजार

540 रूपये नगद, 05 मोबाइल फोन, इलैक्ट्रानिक तोल कॉटा, आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना झिझाना जनपद शामली पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–प्रवीण कुमार निवासी ज्योति नगर करनाल, हरियाणा।

2–विकास कुमार निवासी अलावला थाना असन्द करनाल, हरियाणा।

3–युगराज निवासी रोहटा रोड सरस्वती विहार मेरठ मूल निवासी सबका थाना छपरौली जनपद बागपत।

4–गौरव कुमार निवासी करनाल रोड काकानगर थाना कोतवाली जनपद शामली।

**बरामदगी**

1–लगभग 67 लाख 50 हजार रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत)के 04 किलो 16 ग्राम अवैध चरस, 183 किलो 690 ग्राम अवैध डोडा पोस्त।

2–10 हजार 540 रूपये नगद।

3–05 मोबाइल फोन।

4–इलैक्ट्रानिक तोल कॉटा।

5–आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि।

## कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना बीटा–2

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 18 मोटर साइकिल बरामद**

दिनॉकः 03.09.2023 को थाना बीटा–2 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पीपल वाले गोल चक्कर के पास से 02 अभियुक्तों 1–सुरेन्द्र उर्फ पहलवान 2–कपिल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 18 मोटर साइकिल बरामद हुयी।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध जनपद बुलन्दशहर, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, दिल्ली व हरियाणा प्रान्त के विभिन्न थानों पर लूट, वाहन चोरी आदि के 15 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना बीटा–2 पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सुरेन्द्र उर्फ पहलवान निवासी लडना थाना खानपुर जनपद बुलन्दशहर हालपता–नट मढैया थाना बीटा–2, गौतमबुद्धनगर।

2–कपिल निवासी ग्राम फरीदपुर थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर हालपता–नट मढैया थाना बीटा–2, गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी**

1–चोरी की 18 मोटर साइकिल।

## कमिश्नरेट वाराणसी/थाना लंका

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 12 लाख रूपये कीमत की 192 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब**
- **01 कन्टेनर ट्रक बरामद**

दिनॉकः 02.09.2023 को थाना लंका व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सूचना के आधार पर नेत्रोदय अस्पताल के पास से 02 अभियुक्तों 1–संदीप कुमार 2–सोनू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 12 लाख रूपये कीमत की 192 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब, 01 कन्टेनर ट्रक बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना लंका पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–संदीप कुमार निवासी ग्राम खरकडा थाना महम जनपद रोहतक, हरियाणा।

2–सोनू निवासी मोई हुडा थाना गोहाना सदर जनपद सोनीपत, हरियाणा।

**बरामदगी**

1—लगभग 12 लाख रूपये कीमत की 192 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब।

2—01 कन्टेनर ट्रक।

**जनपद देवरिया/थाना श्रीरामपुर**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 05 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनॉकः 02.09.2023 को थाना श्रीरामपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर चकिया कोठी चेक पोस्ट के पास चेकिंग के दौरान 02 अभियुक्तों 1—अनिल कुमार उर्फ सुमित कुमार 2—राणा प्रताप राम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 05 मोटर साइकिल , 50 शीशी अवैध शराब बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना श्रीरामपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—अनिल कुमार उर्फ सुमित कुमार निवासी ग्राम पण्डितपुरा थाना भोरे जनपद गोपालगंज, बिहार।

2—राणाप्रताप राम निवासी डोमनपुर लाभीचैर थाना भोरे जनपद गोपालगंज, बिहार।

**बरामदगी**

1—चोरी की 05 मोटर साइकिल आदि।

2—50 शीशी अवैध शराब।

**जनपद मैनपुरी/थाना करहल**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **78 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब**
- **घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर मय ट्राली बरामद**

दिनॉकः 03.09.202 को थाना करहल पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर आगरा—लखनऊ माइल स्टोन 94 किमी0 से 02 अभियुक्तों 1—चमन 2—निक्की को

गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 78 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब, घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर मय ट्राली बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना करहल पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—चमन निवासी ग्राम रिठाक जनपद रोहतक, हरियाणा।

2—निक्की निवासी ग्राम मोही जनपद सोनीपत, हरियाणा।

**बरामदगी**

1—78 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब।

2—घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर मय ट्राली।

| |
|---|
| दिनांक 03.09.2023 |
| प्रेस विज्ञप्ति 04/2023 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा आगामी त्यौहारों/अपराध नियन्त्रण के सम्बन्ध में की गयी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग

श्री विजय कुमार, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा आज दिनॉकः 03.09.2023 को पुलिस मुख्यालय पर समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस आयुक्त, परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उपमहानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक जनपद प्रभारी उ0प्र0 के साथ आगामी त्यौहारों श्रीकृष्ण जन्माष्टमी/चेहल्लुम व अपराध नियन्त्रण पर प्रभावी पुलिस प्रबन्ध/कार्यवाही के सम्बन्ध में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग की गयी।

वीडियों क्रॉन्सफ्रेसिंग के दौरान मुख्यालय से विशेष पुलिस महानिदेशक कानून–व्यवस्था/अपराध, अपर पुलिस महानिदेशक यू0पी0–112, व अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जीएसओ सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के दौरान निम्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर कार्यवाही के दिशा निर्देश दिये गये :–

- विगत वर्षो में घटित घटनाओं/विवादों के दृष्टिगत जनपदों द्वारा समीक्षा करते हुये त्यौहार रजिस्टर/अभिसूचना रिपोर्ट व अन्य प्रासंगिक अभिलेखों का परिशीलन कर लिया जाये तथा पूर्व से प्रचलित विवादों का त्वरित निस्तारण किया जाये।
- आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत सभी थाना क्षेत्रों में शान्ति सुरक्षा समिति/सिविल डिफेन्स आदि की पूर्व से ही गोष्ठी करते हुये सभी अपेक्षित सहयोग प्राप्त किया जाय।
- वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के दौरान जनपदों में घटित महिला सम्बन्धी अपराध, माफिया, लूट, हत्या, गृहभेदन, गोकसी, एनडीपीएस एक्ट आदि अपराधों की समीक्षा करते हुये कठोर कार्यवाही हेतु पूर्व में दिये गये निर्देशों के क्रम में आपरेशन कन्विक्शन के तहत उसमें लिप्त अपराधियों को शीघ्रातिशीघ्र सजा दिलाने की कार्यवाही की जाये।

- विशेष पुलिस महानिदेशक कानून–व्यवस्था/अपराध द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद हापुड़ में घटित घटना के सम्बन्ध में कानून–व्यवस्था की स्थिति के समाधान हेतु बार काउन्सिल से वार्ता कर शान्ति पूर्वक समाधान निकाला जाये।
- संगठित अपराधियों/माफियाओं के विरूद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जायें।
- आगामी त्यौहारो/धार्मिक कार्यक्रमों के दृष्टिगत संवेदनशील स्थानों पर सुदृढ पुलिस प्रबन्ध, मोबाइल पेट्रोलिंग व सीसीटीवी कैमरों के व्यवस्थापन की समीक्षा कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।
- सोशल मीडिया की राउण्ड द क्लॉक मॉनिटरिंग की जाय तथा सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों जैसे–फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर एवं व्हाट्सएप आदि पर सतर्क दृष्टि रखते हुये भ्रामक/आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित होने पर विधिक कार्यवाही करते हुए प्रभावी खण्डन किया जाये।
- अपर पुलिस महानिदेशक यू0पी0–112 द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपदों में जन्माष्टी के त्यौहार में पूर्व में घटित घटनाओं के स्थानों को हॉट स्पॉट चिन्हित किया गया है उसके अनुसार जनपदीय पुलिस/यू0पी0–112 के वाहनों को व्यवथापित किये जाने हेतु कार्यवाही की जाये।
- अपराध नियन्त्रण हेतु चलायी जा रही सवेरा योजना यू0पी0–112 में अधिकतम लोगों का पंजीकरण कराया जाय तथा लगातार स्थानीय पुलिस द्वारा उनसे संवाद बनाया जाय ताकि उनके प्रति पुलिस में सुरक्षा की भावना जागृत हो सके।

